# साहित्य अकादमी में कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम



**कोलकाता.** महानगर स्थित साहित्य अकादमी, कोलकाता के सभागार में """सांस्कृतिक विनिमय""" कार्यक्रम के अंतर्गत बांग्लादेश के तीन प्रतिष्ठित कवियों के कविता पाठ और उनके साथ भारतीय लेखकों के संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसकी अध्यक्षता बांग्ला कवि सुबोध सरकार ने की. कार्यक्रम में जाहिदुल हक, आमिनुर रहमान और शाकिब लोहानी ने अपनी कविताओं का पाठ किया. स्वागत भाषण देते हुए अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ देवेंद्र कुमार देवेश ने कहा कि भारत सांस्कृतिक विविधताओं का देश है. बांग्लादेश की भाषा-संस्कृति लगभग भारतीय संस्कृति के समरूप होने के बावजूद परस्पर संवाद के अवसर उपलब्ध कराने के नाते यह कार्यक्रम विशिष्ट है.

प्रभात खबर
Fri, 14 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/